# कराहल के मुख्य रास्तों पर महीनों से जलभराव

**नवभारत न्यूज**
**कराहल, 9 जुलाई।** विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच कराहल पंचायत की एक ऐसी जमीनी हकीकत सामने आई है, जिसने स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर

**बच्चे और राहगीर सब बेहाल**

गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कराहल के मुख्य बाजार, प्रसिद्ध सिद्ध हनुमान मंदिर और बच्चों के कोचिंग इंस्टीट्यूट को जाने वाला मुख्य रास्ता पिछले कई महीनों से तालाब में तब्दील है। आलम यह है कि इस मार्ग से गुजरने वाले हर



शख्स को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायतों का अंबार, पर कान में जूं तक नहीं रेंगी। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में इस बदहाली को लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि इस नारकीय स्थिति को लेकर वे एक-दो बार नहीं, बल्कि दर्जनों बार पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों के चक्कर काट चुके हैं। सरपंच को मामले की जानकारी दी गई।

पंचायत सचिव को हकीकत से रूबरू कराया गया। सहायक सचिव को भी कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**बच्चे और श्रद्धालु सबसे ज्यादा परेशान :** इस लापरवाही का खामियाजा सबसे ज्यादा उन मासूम बच्चों को भुगतना पड़ रहा है जो रोज कोचिंग जाने के लिए इस गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरने को मजबूर हैं। वहीं, सिद्ध हनुमान मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं की आस्था को भी इस गंदगी के कारण ठेस पहुंच रही है।

बड़ा सवाल : क्या कराहल पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं, या फिर अपनी थोड़ी सी लाज बचाकर इस मुख्य रास्ते का कायाकल्प करेंगे? जनता अब खोखले आश्वासनों से थक चुकी है और उसे धरातल पर काम चाहिए।

**क्या इस काम में कमीशन नहीं मिलेगा**

प्रशासन के इस उदासीन रवैये पर अब जनता का सब्र टूट रहा है। स्थानीय लोगों ने तंज कसते हुए कहा, अधिकारी और जनप्रतिनिधि शायद यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि उनके पास बजट नहीं है। या फिर बात कुछ और है? क्या इस रास्ते को ठीक कराने में कुछ खाने को नहीं मिलेगा, इसलिए इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों का गुस्सा यहीं नहीं थमा। उन्होंने जिम्मेदारों को आईना दिखाते हुए कहा कि अगर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में थोड़ी सी भी शर्म बची हो, तो उतने में ही यह काम चुटकियों में हल हो सकता है।

# 1 हजार बालिकाओं को मिलेगी स्कॉलरशिप

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** मुख्य न्यायाधिपति माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के अनुमोदन से माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर ने कोल इंडिया लिमिटेड की प्रज्ञा

**आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई**

योजना के तहत बालिकाओं को स्कॉलरशिप प्रदान किया जाना है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य उन छात्राओं को शैक्षिक सहायता प्रदान करना है, जो विभिन्न विषम परिस्थितियों का सामना कर रही है। योजना के अंतर्गत कक्षा 8 से कक्षा 12वी तक अध्ययनरत् 1 हजार बालिकाओं का चयन किया जाएगा। चयनित प्रत्येक बालिकाओं को चार वर्षों तक प्रति वर्ष 50 हजार रूपये की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री कपिल मेहता के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजुमदार के मार्गदर्शन में इस योजना के तहत श्योपुर से निर्धारित मापदंडों के अनुरूप बालिकाओं को चिन्हित कर स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। प्रज्ञा योजना स्कॉलरशिप अंतर्गत ऐसी बालिकाएं पात्र है, जिनके माता-पिता नही रहे है अथवा ऐसी बालिका जिन्होंने अपने घर के कमाने वाले माता-पिता को खो दिया हो। ऐसी बालिका जो शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्राएं हैं। ऐसी बालिका जिनके माता-पिता शिक्षा का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है। ऐसी बालिका जिनके पिता जेल में हैं और माता पर्याप्त कमा नहीं रही है। ऐसी आदिवासी छात्राएं जिनके माता-पिता शिक्षा का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है। उपरोक्त में से कोई भी एक परिस्थिति अथवा अन्य इसी प्रकार की विषम परिस्थिति की छात्राओं को इसका लाभ प्रदान किया जायेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जनहितकारी प्रज्ञा योजना के अंतर्गत आवेदन एडीआर भवन स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय श्योपुर में 15 जुलाई सायं 05 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है।

## एक नजर में

### आवारा मवेशियों का जमावड़ा

**विजयपुर, 9 जुलाई।** नगर की सब्जी मंडी में आबारा मबेशीयौ का भी जमाबड़ा रहता है , इससे संब्जी मंण्डी मैं संब्जी क्रेताओं को मबेशी से भय रहता है, नगर बासी नगर प्रशासन से अनेकौ बार शिकायतै कर चुके हैं पर आम नागरिकों की शिकायत पर कोई ध्यान नहीं है। विजयपुर नगर में कभी कुआरी नदी के बीहड़ों से तथा जहां टापू दिखाई देते हैं बही हेरात दिन दबंग माफिया ईंट भट्ठा संचालकों कौ अबैध मिट्टी परिवहन कर रहे हैं ब मकानों की बुनियाद भराई कार्य मैं हजारों टैक्टर ट्राली से सप्लाई कर लाखों रूपये कमा रहे हैं स्थानीय प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं, अब क्या जिला प्रशासन इस ओर ध्यान देकर कार्यवाही करै। जब भी एसडीएम महोदय को फोन करते हे तो उठाते नही हो इसके बाद तहसीलदार को फोन लगाते हैं तो बह भी नही उठाते उसके बाद नगरीय सीमा में अबैध खनन होने पर नगर परिषद सीएमओ की बिना अनुमती के कोई अबैध मिट्टी खनन नही कर सकता है पर विजयपुर नगर भगवान भरोसे है।

### 5 .40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में 09 जुलाई को 5 .40 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 09 जुलाई को श्योपुर में 02, विजयपुर में 15 एवं वीरपुर में 10 मिली मीटर तथा कराहल, बडौदा में शून्य वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2026 से अभी तक जिले में कुल 154 .32 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 519 .04 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।



### वीसी के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

**श्योपुर।** आयुक्त वीबी-जीराम जी योजना पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अवि प्रसाद की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक गत गुरूवार को आयोजित की गई। बैठक में वीबी-रामजी योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशैड, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, पंचायत राज अंतर्गत संचालित कार्यो, वृंदावन ग्रामों की पंच वर्षीय कार्य योजना के क्रियान्वयन, ग्रामीण नलजल योजनाओं का हस्तांतरण एवं पेयजल व्यवस्था सहित एनआरएलएम अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई।

### मादक पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध का प्रस्ताव पारित

**श्योपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कराहल अंतर्गत सभी 52 ग्राम पंचायतों की पेसा ग्राम सभाओं में शराब, गुटखा, तंबाखू आदि नशीले पदार्थों के दुर्व्यसनों को छोडने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। पेसा ग्राम सभाओं के माध्यम से गांव में शराब और गुटका आदि तम्बाकू युक्त सामग्री के सेवन पर प्रतिबंध लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत कलमी ककरधा की ग्राम सभा में पेसा कानून (पंचायत उपबंध - अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार अधिनियम) के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए ग्रामीणों के स्वास्थ्य, सुरक्षा ,शिक्षा में ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष रूप से कार्य करने और उनके उज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से गाँव की सीमा के भीतर शराब (देशी व विदेशी) और गुटखा के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया है। ग्राम सभा की विशेष बैठक में हुआ निर्णय : ग्राम सभा अध्यक्ष कैलाश आदिवासी की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष ग्राम सभा में जिले से पेसा जिला समन्वयक (डीसी) रामगोपाल उमरैया ब्लाक समन्वयक मुकेश सेमरिया एवं स्कूल - शिक्षक, शिक्षिका,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा ए .एन .एम एवं समूह की दीदी और गाँव की महिलाओं एवं बुजुर्गों, युवाओं और विशेषकर महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लिया। बैठक में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की गई कि शराब और गुटखे के सेवन से जहां लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड रहा है, वही आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

# उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के तहत संकुल स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में गत दिवस विजयपुर विकासखंड में शा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रहलादपुरा में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जन शिक्षा केन्द्र गोहटा एवं गढ़ी के अंतर्गत आने वाले सभी शाला प्रभारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक डंडोतिया, खंड स्रोत समन्वयक उमाकांत वशिष्ठ तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर के प्राचार्य गणेश कुमार



द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्रीमती मोनिका मंगल, कमल किशोर शर्मा, बृजकिशोर समाधिया , योगेश उपाध्याय, सुनील रावत जन शिक्षक एवं अकादमिक समन्वयकों ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उल्लास कार्यक्रम के प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वयन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को एनआईएलपी एमपी एप के संचालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही पोर्टल पर विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट तैयार करने एवं डाउनलोड करने की प्रक्रिया समझाई गई। सभी शाला प्रभारियों से प्रशिक्षण के दौरान एनआईएलपी एमपी एप डाउनलोड करवाकर उसके उपयोग का अभ्यास भी कराया गया। इस अवसर पर सामाजिक चेतना केन्द्रों के नियमित संचालन, आवश्यक अभिलेखों के संधारण, क्षेत्र का नजरी नक्शा तैयार करने, सर्वे कार्य संपादित करने तथा सर्वे रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।

# सफाई व्यवस्था सही नहीं होने से आक्रोश

**विजयपुर, 9 जुलाई।** विजयपुर नगर में प्रतिदिन सभी बार्डों की गलियों में ब आम रास्तौ मैं सफाई व्यवस्था सही ब समय पर नहीं हौने से नगर मैं नगर की जनता में भारी रोष है , इस का मुख्य कारण यह है कि इस निकाय को गत वर्षों से स्थाई सीएमओ नहीं मिलना , न बिगत बर्षों से खाली पड़े पदों पर कर्मचारी शासन स्तर से पदस्थ किये गये ,इस निकाय में लेखा पाल का पद बर्ष2015 से रिक्त हैं साथ ही कैशियर का पद भी 2012 से रिक्त हैं तथा आर एस आई का पद भी 2009 से रिक्त हैं इसी प्रकार सफाई दरोगा का भी पद 2009 से खाली पड़ा है।

इस निकाय में बर्ष 2005 से 2023 तक मात्रा 3,4 ही सीएमओ रहे कुछ समय बाकी के समय मैं इस निकाय का कार्यकाल 2005 से इन रिक्त पदों पर प्रभारीयो से काम लिया जा रहा है साथ ही चिड़िया रैन बसेरा प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में पदस्थ होते रहे है तो कोई सीएमओ महीने भरको तो कोई दो चार महीने मैं समय पास कर चले जाते है इस नगर परिषद में जब तक रिक्तियां नहीं भरी जायेगी ब स्थाई सीएमओ की ब्यबस्था नहीं हो गयी तब तक नागरिकों को नगर की समस्याओं से निजात नहीं मिलेगी ,नगर परिषद कार्यालय के पास स्थित संब्जी मंण्डी मैं पानी भराब सफाई व्यवस्था पर अनेकों बार समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हुई थी पर आज तक निकाय कर्मचारीयों का सफाई व्यवस्था ब पानी निकासी पर कोई ध्यान नहीं देते हैं।

# एक माह में 20 नलजल योजनाओं को पूर्ण करने का लक्ष्य



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** मुख्य

**पीएचई विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित**

कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद की अध्यक्षता में आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित पेयजल योजनाओं की प्रगति, पुनरीक्षित ग्रामों में स्वीकृत योजनाओं तथा आगामी कार्ययोजना की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पुनरीक्षित योजनाओं में शीघ्र कार्य प्रारंभ कर उन्हें निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में ईई पीएचई अफजल अमानुल्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने आगामी एक माह की कार्ययोजना के अंतर्गत कराहल विकासखंड में 10, श्योपुर विकासखंड में 5 तथा विजयपुर विकासखंड में 5 पेयजल योजनाओं को पूर्ण कर कार्यपूर्णता प्रमाण पत्र दिये जाने के निर्देश दिये। साथ ही जिन योजनाओं में अल्प कार्य शेष है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर शीघ्र संचालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# श्रमिकों को दिया स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** एमपीयूडीसी अंतर्गत श्योपुर एवं बडौदा में निर्माणाधीन जल प्रदाय परियोजना के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य श्रमिकों को सुरक्षित कार्य वातावरण, स्वास्थ्य संरक्षण एवं कार्यस्थल पर अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करना था।

ग्राम बनडी स्थित निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित प्रशिक्षण के दौरान श्रमिकों को संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण, कार्यस्थल पर स्वच्छता (हाउसकीपिंग), धूल के संपर्क से होने वाले स्वास्थ्य जोखिम तथा उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सुरक्षित कार्य पद्धतियों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने के महत्व पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का समन्वय सीडीओ सुश्री सोनिका शर्मा द्वारा किया गया।

**इकलौद के पास बड़ा हादसा टला**

# चलती ई-रिक्शा का पहिया निकलने से मची अफरा-तफरी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** विजयपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहाँ इकलोद के पास एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। यहाँ एक चलती हुई ई-रिक्शा का अचानक पहिया निकल गया, जिससे ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गई।

**चकनाचूर हुई ई-रिक्शा, बाल-बाल बचे लोग :** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ई-रिक्शा अपनी सामान्य गति से जा रही थी कि अचानक उसका एक पहिया बॉडी से अलग



हो गया। रफ्तार में होने के कारण चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और ई-रिक्शा सड़क पर ही पलट गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त (चकनाचूर) हो गई।

**राहत की खबर :** इस पूरे हादसे में सबसे अच्छी बात यह रही कि किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। ई-रिक्शा में सवार लोग और चालक बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

**मौके पर जुटी भीड़ :** घटना के तुरंत बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों और सड़कों से स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए ई-रिक्शा में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

**नियमित सर्विसिंग है बेहद जरूरी :** इस हादसे ने एक बार फिर वाहनों के रखरखाव पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारों का मानना है कि इस तरह के हादसों से बचने का एकमात्र प्रभावी उपाय वाहनों की नियमित सर्विसिंग और फिटनेस जांच है। कमर्शियल वाहनों के मालिकों को यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर अपने वाहनों की मैकेनिकल जांच जरूर करवानी चाहिए।

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने 10 लाख रूपये तक अनुदान

**श्योपुर, 9 जुलाई।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापना के लिए 10 लाख रूपये तक के अधिकतम अनुदान का प्रावधान है। खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योग लगाने पर 35 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा, जिसकी अधिकतम सीमा 10 लाख रूपये निर्धारित की गई है। पीएमएफएमई योजना के तहत ऐसे उद्योग लगाने पर बैंक ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में श्योपुर जिले को व्यक्तिगत श्रेणी में 57 यूनिट का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना अंतर्गत ऑयल मिल, आटा, मसाला, बेकरी, नमकीन, पापड, दुग्ध उत्पादन, पशु आहार आदि ऐसे उद्योग लगाये जा सकते है, जो खाद्य प्रसंस्करण की श्रेणी में आते है। उद्यानिकी विभाग श्योपुर द्वारा जानकारी दी गई है कि उक्त योजना के तहत इच्छुक शिक्षित बेरोजगारो से बैंक ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये है। ऐसे आवेदक जिनकी न्यूनतम योग्यता 8वी पास है, वे अपने आधारकार्ड, पैनकार्ड, मार्कशीट, कुटेशन आदि दस्तावेजो के साथ आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक संचालक उद्यानिकी श्योपुर में संपर्क किया जा सकता है।

**पिता-पुत्र पर हमले के विरोध में**

# सर्व समाज ने घेरा एसपी ऑफिस



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** जिला मुख्यालय पर कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराधों को लेकर आज सर्व समाज का गुस्सा फूट

**पुलिस प्रशासन को दिया अल्टीमेटम**

पड़ा। बीते कल शाम करीब 7:00 बजे बस स्टैंड पर बोहरा समाज के सज्जाद हुसैन और उनके बुजुर्ग पिता के साथ सरेराह हुई बेरहमी से मारपीट की घटना ने शहर के नागरिकों को उद्वेलित कर दिया है। इस जघन्य वारदात के विरोध में आज भारी संख्या में सर्व समाज के लोग सड़कों पर उतरे और पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया।

आक्रोशित नागरिकों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी सहित जिले की बदहाल सुरक्षा व्यवस्था को सुधारने की मांग की गई है।

**एसपी सुधीर अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन, रखीं ये प्रमुख मांगें :** सर्व समाज के बैनर तले एकत्रित हुए शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल से सीधी बात की। नागरिकों ने दो टूक शब्दों में कहा कि श्योपुर में अब अपराधी बेखौफहो चुके हैं और आम जनता डरी हुई है। ज्ञापन के माध्यम से सर्व समाज ने पुलिस प्रशासन के सामने निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखी हैं।

आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी- पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने वाले गुंडों को चौबीस घंटे के भीतर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए।

**सरेराह पिता-पुत्र की पिटाई से भड़का आक्रोश**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल शाम 7 :00 बजे जब पूरा शहर सामान्य रूप से चल रहा था, तभी बस स्टैंड जैसे व्यस्ततम इलाके में कुछ असामाजिक तत्वों ने बोहरा समाज के सज्जाद हुसैन और उनके पिता पर जानलेवा हमला कर दिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। बीच बाजार हुई इस गुंडागर्दी के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद से ही शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों में भारी असुरक्षा का माहौल देखा जा रहा था, जो आज सुबह उग्र प्रदर्शन के रूप में सामने आया।



# 24 स्कूली वाहनों की चैंकिंग, 15 के चालान



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 9 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय द्वारा 8 जुलाई से 17 जुलाई तक संचालित विशेष स्कूली वाहन चेकिंग अभियान के

**कार्यवाही कर 22600 रू का जुर्माना वसूला**

अंतर्गत पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले स्कूल वाहनों के विरुद्ध चैंकिग कार्यवाही की गई।

24 स्कूली वाहनो की चैंकिंग की गई, अनियमितता पाए जाने पर 15 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर 22600 रू का जुर्माना किया गया।

बिना फिटनेस 01, ओवरलोड वाहन: 06, बिना अग्निशमक यंत्र: 03, बिना प्राथमिक उपचार किट:01, बिना बीमा: 03, बिना परमिट: 01, आदि में चालानी कार्यवाही की गई।

चेकिंग के दौरान शहर में अनधिकृत रूप से बिना दस्तावेज एवं नियम विरुद्ध संचालित स्कूली वाहनों की यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान कुल 15 वाहनों पर कार्रवाई कर ?22600/-का जुर्माना किया गया। साथ ही स्कूल वाहन संचालकों को बिना बीमा,फिटनेस, परमिट, लाइसेंस आदि दस्तावेजो व ओवरलोड बच्चे बिठाकर वाहन न चलाने तथा अग्निशमक यंत्र ,मेडिकल किट बॉक्स, स्पीड गवर्नर आदि कमियों की पूर्ति के लिए हिदायत दी गई।

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा यातायात व्यवस्था को सुगम व सुरक्षित बनाने एवं जिलों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सख्ती से स्कूली वाहनों की विशेष वाहन चैकिंग अभियान दिनांक 8 जुलाई से 17 जुलाई तक चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में सुधीर कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक जिला श्योपुर के निर्देशन तथा प्रवीण भूरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक संजय सिंह राजपूत थाना प्रभारी यातायात के द्वारा यातायात टीम के साथ चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रथक/प्रथक चिन्हित स्थानों पर वाहन चैकिंग के दौरान बिना फिटनेस, बिना परमिट, बिना बीमा, बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र, बिना ड्राइविंग लाइसेंस आदि तथा पात्रता से अधिक सवारी ढोने वाली बसें एवं बिना अग्निशामक यंत्र, बिना मेडिकल किट बॉक्स,बिना स्पीड गवर्नर, की 24 वाहनों की चेकिंग कर अनियमितता पाए जाने पर कुल 15 चालान बनाया जाकर 22600 रू का जुर्माना किया गया।

**यातायात के समस्त नियमों का करें पालन**

यातायात पुलिस की स्कूली वाहन संचालकों से अपील है कि आप यातायात के समस्त नियमों का पालन करें। अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर आवश्यक रूप से अंकित करें, ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, फिटनेस, परमिट आदि जरूरी दस्तावेज आवश्यक रूप से साथ में रखें। स्कूली वाहनों में अग्निशमन यंत्र एवं मेडिकल किट बॉक्स आवश्यक रूप से रखें। निर्धारित गति सीमा से तेज गति से तथा खतरनाक ढंग से वाहन न चलाएं। वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे न बिठाये, तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं।